झारखण्ड विधान सभा

दैनिक विवरणिका

<u>तृतीय झारखण्ड विधान सभा</u> <u>दशम् सत्र (शीतकालीन)</u>

<u>संख्या-01</u> <u>शुक्रवार, दिनांक- 30 नवम्बर, 2012 ई०।</u>

<u>समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.55 बजे पूर्वाह्न तक ।</u>

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

1. प्रारंभिक कार्य:-

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रारंभिक वक्तव्य दिया गया।

2. सभापति तालिका की घोषणा:-

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 10(1) के तहत तृतीय झारखण्ड विधान सभा के दशम् सत्र के लिये क्रमशः सर्वश्री साईमन मराण्डी, फूलचन्द मण्डल, रघुवर दास, सरफराज अहमद एवं श्रीमती अन्नपूर्णा देवी को सभापति के रुप में आसन से घोषणा की गई।

3. समितियों का गठन:-

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 224(1) के तहत तृतीय झारखण्ड विधान सभा के दशम् सत्र के लिये कार्य-मंत्रणा समिति का गठन निम्न रूप से किया गया -

श्री अर्जुन मुण्डा,	मुख्यमंत्री,	सदस्य
श्री सुदेश कुमार महतो,	उप मुख्यमंत्री,	सदस्य
श्री हेमन्त सोरेन,	उप मुख्यमंत्री	सदस्य
श्री हेमलाल मुर्मू	संसदीय कार्यमंत्री	सदस्य
श्री राजेन्द्र प्रसाद सिंह	नेता,प्रतिपक्ष	सदस्य
श्री प्रदीप यादव	स० वि० स०	सदस्य एवं
श्रीमती अन्नपूर्णा देवी	स० वि० स०	सदस्या के

रुप में आसन से घोषणा की गई। इसके पश्चात् विशेष आमंत्रित सदस्य के रुप में क्रमशः -

श्री सरफराज अहमद,

श्री रघुवर दास

श्री कमल किशोर भगत

(कृपया पृष्ठ उलटें->)

श्री रामचन्द्र बैठा

श्री अरबिन्द कुमार सिंह

श्री बंधु तिर्की

श्रीमती सुधा चौधरी

श्री बिनोद कुमार सिंह

श्री नलिन सोरेन एवं

श्री अरुप चटर्जी का नाम निर्देशित किया गया। इस समिति के सभापति, अध्यक्ष तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे, सम्बन्धी घोषणा आसन से की गई।

4.औपचारिक कार्य:-

आसन द्वारा पुकारे जाने पर सभा सचिव ने सभा के गत सत्र में स्वीकृत तथा महामहिम राज्यपाल द्वारा अनुमत विधेयकों की निम्नांकित विवरणी सभा पटल पर रखी:-

क्रमांक	अनुमत विधेयक का नाम	अनुमति की तिथि	अधिनियम संख्या
1.	झारखण्ड विनियोग (संख्या-03)विधेयक-2012	14.09.2012	17/2012

5. वित्तीय कार्य:-

आसन द्वारा पुकारे जाने पर श्री हेमन्त सोरेन, प्रभारी मंत्री (वित्त) द्वारा वित्तीय वर्ष-2012-13 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन किया गया। इस पर दिनांक-30.11.2012 के 3.00 बजे अपराह्न तक संशोधन दिये जाने सम्बन्धी सूचना आसन द्वारा सदन को दी गयी।

(इस अवसर पर माननीय सदस्य श्री प्रदीप यादव आसन की अनुमति से सूचना पर खड़े होकर पैनम कोल के विरूद्ध धरने पर बैठे आमजनों की ओर माननीय अध्यक्ष महोदय का ध्यान आकृष्ट किया।)

6. प्रतिवेदन का सदन पटल पर रखा जाना:-

आसन द्वारा पुकारे जाने पर श्री मथुरा प्रसाद महतो, प्रभारी मंत्री द्वारा झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 244(2) के तहत कृत कार्रवाई प्रतिवेदन (A.T.R.) सभा पटल पर रखा गया।

7. शोक प्रकाश:-

झारखण्ड विधान सभा के विगत सत्र से लेकर अब तक की अवधि में रुखसत हुए कतिपय महत्त्वपूर्ण राजनेताओं, समाजसेवियों, साहित्यकारों और कलाकारों यथा स्व० कैलाशपति मिश्र, नवल किशोर शर्मा, केदार नाथ साहनी, के० सी० पंत, बाल ठाकरे, के० एस० सुदर्शन, काशीराम राणा, वर्गीज कुरियन, येरेन नायडू, अनकुरा हो दोराय बुरू, राम सेवक हजारी, प्रेमलता राय, आदित्य सिंह, यश चोपड़ा, जसपाल भट्टी, देवघर सत्संग हादसा, पटना में महापर्व छठ के दौरान हुए हादसे, गिरीडीह में कैदी वाहन पर हुए नक्सली हमले में मारे गये लोगों, पुलिसकर्मियों सहित बिहार राज्य के पूर्णिया में भूमि विवाद के चलते मारे गये तीन आदिवासियों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की गई। तत्पश्चात् दो मिनट का मौन रखा गया। इसके उपरांत सदन की कार्यवाही सोमवार दिनांक-03.12.2012 को 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिये स्थगित की गई।

राँची,

दिनांक- 30 नवम्बर, 2012

समरेन्द्र कुमार पाण्डेय,

प्रभारी सचिव,

झारखण्ड विधान सभा ।